9 मार्च 2026
सोमवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



मरम्मत की खानपूरी के बीच डेंजर बना डुमरांव का स्टेशन रोड, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

# न्यूजीलैंड को हराकर वर्ल्ड चैंपियन बना भारत तीसरी बार जीता टी20 वर्ल्ड कप का खिताब



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने लगातार दूसरी बार टी-20 वर्ल्डकप जीतकर इतिहास रच दिया है. आपको बता दें कि भारत ने ये तीसरी टी-20 वर्ल्डकप ट्रॉफी जीती है जो अब तक कोई टीम नहीं कर पाई है. भारत की जीत के साथ ही सोशल मीडिया पर पोस्ट और मीम का हूजूम उमड़ पड़ा. सबसे ज्यादा चर्चा में रहे मिशेल सेंटनर जिन्होंने मैच से पहले लाखों भारतीयों के दिलों को तोड़ने की बात कहते हुए ट्रॉफी जीतने का दावा किया था, लेकिन उनका ये दावा भारतीय गेंदबाजों के सामने धरा का धरा रह गया. टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 255 रन बनाकर इतिहास रच दिया. यह टी20 वर्ल्ड कप फाइनल का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर बताया जा रहा है. भारत की इस विस्फोटक पारी में संजू सैमसन ने 46 गेंदों में 89 रन की शानदार पारी खेली. वहीं अभिषेक शर्मा ने तेज अर्धशतक लगाया और ईशान किशन ने भी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 50 से ज्यादा रन जोड़े. इन पारियों की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 256 रन का पहाड़ जैसा लक्ष्य खड़ा कर दिया. मैच अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है, लेकिन सोशल मीडिया पर भारतीय फैंस ने जश्न मनाना शुरू कर दिया था. एक्स, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर हजारों लोग पोस्ट लिखकर टीम इंडिया को बधाई देने लगे. लेकिन असली शामत आई मिशेल सेंटनर की. कई यूजर्स मजाक में लिख रहे हैं कि दिल तोड़ने की बात करने वाली टीम का खुद का सपना ही टूट गया. वहीं कुछ लोग लिख रहे हैं कि क्रिकेट में बड़े-बड़े बयान देना आसान होता है, लेकिन मैदान पर प्रदर्शन ही असली जवाब देता है. सोशल मीडिया पर सेंटनर के पुराने बयान के स्क्रीनशॉट और मीम्स भी तेजी से वायरल हो रहे हैं. दरअसल, फाइनल मुकाबले से पहले सेंटनर ने एक बयान दिया था, जिसकी अब सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है न्यूजीलैंड के कप्तान सेंटनर ने मैच से पहले कहा था कि अहमदाबाद के स्टेडियम में लाखों भारतीय फैंस मौजूद होंगे और अगर ट्रॉफी जीतने के लिए उनके दिल भी तोड़ने पड़े तो न्यूजीलैंड ऐसा करने से पीछे नहीं हटेगा. हालांकि अब मैच का नतीजा सामने आने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स उसी बयान को लेकर उनके मजे ले रहे हैं।

## टीम इंडिया के विश्व चैंपियन बनने पर गदगद हुए पीएम मोदी और अमित शाह ने भी दिल खोलकर की तारीफ



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने एक्स पर लिखा, **"चैंपियंस!** आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर भारतीय टीम को बधाई! यह शानदार जीत जबरदस्त स्किल्स, पक्के इरादे और टीमवर्क को दिखाती है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में जबरदस्त हिम्मत दिखाई है। इस जीत ने हर भारतीय के दिल को गर्व और खुशी से भर दिया है। बहुत बढ़िया, टीम इंडिया! भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर जीत लिया।



**अमित शाह ने लिखा** "क्या जीत है, वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया को सलाम। पूरे टूर्नामेंट में आपके शानदार प्रदर्शन और जोश के जबरदस्त प्रदर्शन ने देश को गौरव और गर्व दिलाया है। हर भारतीय को गर्व महसूस कराने के लिए **पूरी टीम को बधाई।**

## राष्ट्रपति दौरा विवाद-गृहसचिव ने बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल फॉलो नहीं करने के मामले में केंद्र ने राज्य के मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के मुताबिक, गृह सचिव ने रिपोर्ट में कहा कि राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी नहीं था। प्रशासन ने जो रास्ता चुना था, वह कचरे से भरा था। अधिकारियों के मुताबिक, यह रिपोर्ट आज गृह मंत्रालय को भेजने के निर्देश दिए गए। उधर, पीएम मोदी और भाजपा ने इसे राष्ट्रपति का अपमान बताया है। मोदी कहा था कि ये शमार्नाक, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। राष्ट्रपति मुर्मू को 7 मार्च को आदिवासी समुदाय के हर साल होने वाले प्रोग्राम 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में बुलाया गया था। कार्यक्रम सिलीगुड़ी के बिधाननगर में होना तय था। हालांकि सुरक्षा और दूसरे लॉजिस्टिक कारणों का हवाला देते हुए, अधिकारियों ने जगह को बागडोगरा एयरपोर्ट के पास गोपालपुर में शिफ्ट कर दिया ।राष्ट्रपति मुर्मू ने कार्यक्रम स्थल बदले जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि मुझे लगता है बंगाल सरकार आदिवासियों का भला नहीं चाहतीं। नॉर्थ बंगाल दौरे पर न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई मंत्री मुझे रिसीव करने आया। मुझे नहीं पता कि ममता मुझसे नाराज हैं या नहीं। वैसे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आप सब ठीक रहें।

### ममता बोलीं- राष्ट्रपति पहले भाजपा शासित राज्यों की हालत देखें

राष्ट्रपति मुर्मू के बयान पर ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल पर कमेंट करने से पहले आपको इखढ शासित राज्यों की हालत देखनी चाहिए। सिर्फ एक पॉलिटिकल पार्टी की बात सुनकर कमेंट करना सही नहीं है। सीएम ने कोलकाता में एक विरोध प्रदर्शन वाली जगह पर कहा कि इखढ इतना नीचे गिर गई है कि वे राज्य को बदनाम करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का इस्तेमाल कर रहे हैं। राष्ट्रपति को उनके कार्यक्रम में राज्य के प्रतिनिधियों की गैरमौजूदगी के बारे में दी गई जानकारी गलत थी।

## भारत-यूएस व्यापार समझौते पर 3-4 माह में लग सकती है मुहर, कोर्ट के झटके के बावजूद जारी रहेगी डील

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका व्यापार समझौता अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के बड़े कानूनी झटके के बावजूद पटरी पर बना हुआ है। भारत इस समझौते को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने के पक्ष में है। भारत की रणनीति साफ है कि अनिश्चितता की स्थिति में रहने से बेहतर है कि समझौते से एक ठोस रक्षा कवच तैयार कर लिया जाए, क्योंकि ट्रंप प्रशासन के पास टैरिफ थोपने के कई अन्य 'कानूनी हथियार' मौजूद हैं। भारत का मानना है कि ट्रंप सरकार के जाने या किसी भविष्य की 'नरम' सरकार का इंतजार करना आत्मघाती हो सकता है। मोदी सरकार के शीर्ष सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी अदालत के फैसले के बाद मार्च की नियत तारीख या महीना भले ही पीछे छूट गया हो, लेकिन बातचीत जारी है। अब अगले तीन से चार माह में नई कानूनी परिस्थितियों के हिसाब से शर्तों को फिर से तराशा जाएगा।सूत्रों का कहना है कि भारत अब ट्रंप सरकार के जाने या किसी भविष्य की नरम सरकार का इंतजार नहीं करना चाहता। इसके पीछे ठोस कूटनीतिक तर्क यह है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक बार जो फैसले ले लिए जाते हैं, वे एक तरह से चिपक जाते हैं। उन्हें बाद में हटाना लगभग असंभव होता है। सरकार का मानना है कि अगर अभी एक 'वर्किंग डील' नहीं हुई, तो बाद में शर्तें और भी कठिन हो सकती हैं। भले ही अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने आपातकालीन कानून (आईईईपीए) के तहत लगे टैरिफ को अवैध करार दिया हो, लेकिन वाशिंगटन के पास अभी भी सेक्शन 301, 232, 122 और 338 जैसे घातक कानूनी विकल्प मौजूद हैं। इनमें से 'सेक्शन 301' अमेरिका को किसी भी देश की नीतियों को 'अनुचित' बताकर पूरे सेक्टर पर मनमाना जुर्माना या शुल्क लगाने की ताकत देता है।



## पंजाब में 'मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना को मंजूरी, महिलाओं को मिलेंगे हर महीने 1000

**एजेंसी। चंडीगढ़**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य की महिलाओं के लिए एक ऐतिहासिक घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 'आम आदमी पार्टी' (आप) सरकार ने अपना सबसे बड़ा चुनावी वादा पूरा करते हुए ह्यमुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजनाह्ण की शुरूआत कर दी है। इस योजना के तहत राज्य की 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी, जबकि अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय से संबंधित महिलाओं के लिए यह राशि 1,500 रुपये प्रतिमाह निर्धारित की गई है। सरकार ने इस महत्वकांक्षी योजना के लिए बजट में 9,300 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान किया है।मुख्यमंत्री मान ने साझा किया कि इस योजना का लाभ उठाने के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया आगामी 13 अप्रैल (बैसाखी) से शुरू होगी। इसे प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए राज्य भर में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस योजना में कोई कठिन शर्त नहीं रखी गई है ताकि राज्य की हर पात्र माता, बहन और बेटी को इसका लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने इसे महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता और सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर करार दिया है। राज्य सरकार के बजट को 'हलफनामा' बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा द्वारा पेश किया गया यह बजट आम आदमी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि मुफ्त बिजली, मुफ्त बस यात्रा और 10 लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा के साथ अब यह मासिक नकद सहायता महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से और भी मजबूत बनाएगी।






केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
बक्सर
बक्सर, 9 मार्च 2026
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com


# महिला दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम व सम्मान समारोह का आयोजन

- उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिवक्ताओं, न्यायिक कर्मियों व विधि स्वयंसेवकों को किया गया सम्मानित




**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर रविवार को व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर के कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10.30 बजे राष्ट्रीय गीत के साथ दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अनुपमा सिंह ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। इसके बाद जिला अधिवक्ता संघ, बक्सर के सचिव बिंदेश्वरी पांडे ने अपने विचार रखते हुए समाज में महिलाओं के अधिकारों और कानूनी जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन न्यायिक पदाधिकारी आंचल ने किया।इस अवसर पर अवर न्यायाधीश सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार बक्सर नेहा दयाल ने महिलाओं को विधिक सेवा से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार हर उस महिला के साथ खड़ा है, जिसे समाज, कार्यस्थल या किसी भी क्षेत्र में किसी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ रहा हो। ऐसी महिलाएं कार्यालय में आकर अपनी समस्या रख सकती हैं, जहां उन्हें विधि से संबंधित सभी प्रकार की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं।कार्यक्रम के दौरान विधिक सेवा के उद्देश्यों को पूरा करने में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिवक्ता, न्यायिक कर्मचारी तथा विधि स्वयंसेवकों को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश काजल झाम्ब द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन सभी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार बक्सर के बैनर तले विधिक सेवाओं के उद्देश्यों को समाज तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।अपने संबोधन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश काजल झाम्ब ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित है। उन्होंने कहा कि नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, ममता और त्याग का प्रतीक माना गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम ह्लगिव टू गेनह्व (दान से लाभ) है। यह थीम महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सहयोग और संसाधनों के योगदान पर जोर देती है, जिससे अंततः पूरे समाज को लाभ मिलता है। इस वर्ष का मुख्य फोकस अधिकार और न्याय के साथ सभी महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है।कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम को लेकर एक संवेदनशीलता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस दौरान विधि स्वयंसेवकों द्वारा एक नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें शत्रुघ्न सिन्हा, बृजेश कुमार, मनन कुमार सिंह, प्रमोद कुमार, रामजी यादव तथा दीपिका केसरी ने सराहनीय भूमिका निभाई। नाटक के माध्यम से कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से पीड़ित महिलाओं के अधिकार और संबंधित कानूनों की जानकारी दी गई। इसके अलावा अवर न्यायाधीश सुधांशु पांडे ने घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सोनेलाल रजक ने दहेज निषेध अधिनियम 1961, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अमित कुमार शर्मा ने पोक्सो एक्ट 2012 तथा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अनुपमा कुमारी ने महिलाओं से संबंधित यौन उत्पीड़न से बचाव और कानूनों की जानकारी उपस्थित लोगों को दी। कार्यक्रम में कार्यालय कर्मी दीपेश कुमार, सुधीर कुमार, सुनील कुमार, मनोज कुमार रवानी, पैनल अधिवक्ता आरती राय, संजय कुमार चौबे, अविनाश कुमार श्रीवास्तव, विवेक कुमार गुप्ता, कविंद्र पाठक सहित कई अधिवक्ता और न्यायिक कर्मी मौजूद रहे।

# मरम्मत की खानपूरी के बीच डेंजर बना डुमरांव का स्टेशन रोड, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

- बीच में ही मरम्मत कार्य छोड़ फरार हो गया है संवेदक, राज हाई स्कूल के समीप एक छोर पर धंसने लगी है जर्जर पीसीसी सड़क
- सिर्फ राजनीतिक रोटी सेंकते रहे नेता, छह माह में नहीं पूरा हो पाया मरम्मत कार्य, बेफिक्र बने है संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव का स्टेशन रोड राजनीति का शिकार हो किसी बड़े सड़क हादसे को न्योता दे रहा है। पक्ष व विपक्ष के बीच डुमरांव के शहरी क्षेत्र का लाइफ-लाइन माने जाने वाली इस सड़क के मरम्मत का श्रेय लेने की होड़ मची रही।

इस बीच छह माह में भी चार किलोमीटर लंबी इस सड़क का मरम्मत कार्य पूरा नहीं हो सका, अलबत्ता अब सड़क मरम्मत करने वाला संवेदक खुद फरार हो गया है। पिछले एक महीने से अधिक समय से इस पथ पर मरम्मत कार्य ठप पड़ा है। इस दौरान कई जगहों पर आधा-अधूरा मरम्मत किया गया है तो कई जगहों को यूं ही छोड़ दिया गया है। जिससे स्टेशन रोड में परिचालन बाधित हो रहा है तथा जाम की समस्या पहले से भी गंभीर हो गई है।

## दलित बस्ती के पास धंसने लगी है पीसीसी सड़क

बता दें कि राज हाई स्कूल के समीप दलित बस्ती के सामने पुरानी पीसीसी सड़क जर्जर हो जमींदोज होने लगी है। सड़क के बड़े हिस्से में दरारे उभर आई है तथा ढलाई किया गया कंक्रीट पूरी तरह से टूट गया है, जिस कारण सड़क अब एक छोर से धंसने लगी है।

बताया जा रहा है कि जिस जगह सड़क का यह हाल हुआ है, वहां लंबे समय से नाली का पानी ओवर फ्लो हो रहा है, जिस कारण सड़क के अंदर दलदली क्षेत्र बनना शुरू हो गया है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि यदि शीघ्र जर्जर हो चुकी सड़क की मरम्मत नहीं करवाई गई तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

बहरहाल अधिकारियों व जनप्रतिनिधयों की सुस्ती के बीच जिस जगह पर सड़क धंस रहा है वहां स्थानीय लोगों ने पत्थर रख वाहन चालकों को सावधान करने का प्रयास किया है, हालांकि रात के अंधेरे में यह प्रयास नाकाफी साबित हो सकता है। जिसका परिणाम भयंकर दुर्घटना के रूप में देखने को मिल सकती है।

## बेफिक्र बने है जनप्रतिनिधि व संबंधित अधिकारी

बता दें कि सड़क का मरम्मत कार्य शुरू होते ही पूर्व व वर्तमान विधायक के बीच इसका श्रेय लेने की होड़ मची हुई थी। आलम यह था कि चुनाव के समय शहरी क्षेत्र में स्टेशन रोड की बदहाली व मरम्मत को लेकर कई तरह की चचाएं पक्ष व विपक्ष के द्वारा किया जा रहा था। माना जा रहा है कि डुमरांव के शहरी क्षेत्र में इस पथ की बदहाली विस चुनाव में निर्णायक साबित हुई थी, बावजूद चुनाव बीतने के बाद शहरवासियों को सिर्फ आश्वासनों का घुंट पिलाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नेताओं व जनप्रतिनिधियों ने इस सड़क के मरम्मत के नाम पर सिर्फ राजनीतिक रोटियां ही सेंकी है। सड़क मरम्मत के अभाव में शहरवासियों, व्यवसायियों व छात्रों को हो रही परेशानी का मलाल होता तो अबतक इस पथ का मरम्मत कार्य पूर्ण हो चुका होता। वहीं, संबंधित अधिकारी भी इस दिशा में मौन साधे हुए है। जिस कारण पथ का मरम्मत कार्य दुबारा शुरू नहीं हो सका है। स्टेशन रोड के जर्जर स्थिति तथा मरम्मत में बरती जा रही लापरवाही से अब शहरवासियों में आक्रोश गहराने लगा है। भाजपा प्रवक्ता शक्ति राय, युवा भाजपा नेता दीपक यादव, व्यवसायी संघ के नेता शत्रुघ्न प्रसाद गुप्ता, युवा सामाजिक कार्यकर्ता अजय राय आदि ने स्टेशन रोड की तत्तकाल व समुचित मरम्मत की मांग की है। इस संबंध में स्थानीय विधायक राहुल कुमार सिंह से संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाईल रिसीव नहीं हुआ, जिस कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

## एक नजर

### महिलाओं की भागीदारी से ही मजबूत होगा समाज और राष्ट्र : डॉ. शोभा सिंह




**डुमरांव।** सुमित्रा महिला महाविद्यालय, डुमरांव में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेमिनार और क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं को महिलाओं की सामाजिक भूमिका, अधिकारों और उपलब्धियों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय सभागार में एनएसएस गीत के साथ हुई। इसके बाद आयोजित सेमिनार में वक्ताओं ने समाज में महिलाओं की बदलती भूमिका और उनके बढ़ते योगदान पर विस्तार से चर्चा की। महाविद्यालय की प्राचार्या सह एनएसएस की अध्यक्ष डॉ. शोभा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, खेल और सामाजिक सेवा जैसे क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियां समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ही समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. शंभू नाथ शिवेंद्र ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाएं समाज सेवा के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने छात्राओं को सामाजिक जिम्मेदारियों को समझते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष चंद्रशेखर और भूगोल प्रवक्ता डॉ. संजय कुमार सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक दिवस का विषय नहीं, बल्कि समाज की निरंतर प्रक्रिया है। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित क्विज प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में नित्या सिंह ने प्रथम स्थान, खुशी कुमारी ने द्वितीय स्थान और सुप्रिया कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मेडल, डायरी और लेखनी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा सात छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के कई शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं और कार्यक्रम को सफल बनाया।

### महादलित बस्ती में हम (से) ने चलाया सदस्यता अभियान, बाला मांझी बने प्रखंड अध्यक्ष

**केसठ।** प्रखंड के केसठ नया बाजार स्थित महादलित बस्ती में रविवार को हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के जिला अध्यक्ष बलिराम सिंह एवं जिला महासचिव दिग्विजय सिंह उपस्थित रहे।अभियान का नेतृत्व विष्णु दयाल मांझी ने किया। इस दौरान पार्टी संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए बाला मांझी को हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

### रमजान में बढ़ी फलों की कीमतें, इफ्तार की तैयारी पर पड़ रहा असर

**डुमरांव।** पवित्र माह रमजान की शुरूआत के साथ ही डुमरांव के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। शाम होते ही लोग इफ्तार की तैयारी के लिए बाजारों की ओर रुख कर रहे हैं। हालांकि इस बार रोजेदारों की थाली पर महंगाई का असर साफ दिखाई दे रहा है। खासकर इफ्तार में शामिल होने वाले फलों की कीमतों में अचानक आई बढ़ोतरी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले एक सप्ताह के भीतर कई प्रमुख फलों के दामों में 10 से 20 रुपये प्रति किलो तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बाजार में पहले 120 रुपये किलो बिकने वाला सेब अब करीब 150 रुपये किलो हो गया है। इसी तरह संतरा 50 रुपये से बढ़कर लगभग 65 रुपये किलो, पपीता 40 रुपये से बढ़कर 60 रुपये किलो और तरबूज 60 रुपये से बढ़कर करीब 80 रुपये किलो तक पहुंच गया है। वहीं अनार की कीमत 140 रुपये से बढ़कर 160 रुपये किलो तक हो गई है।

# महिला दिवस पर ऐपवा समेत विभिन्न संगठनों का संयुक्त कार्यक्रम, महिलाओं ने उठाई समान अधिकार व सुरक्षा की मांग

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को बक्सर जिले के ब्रह्मपुर में ऐपवा (ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव वुमेन्स एसोसिएशन) समेत विभिन्न संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न इलाकों में काम करने वाली महिलाओं ने बड़ी संख्या में भागीदारी निभाई और महिला अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद की।



कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने यौन उत्पीड़न, हिंसा और बलात्कार जैसी घटनाओं के खिलाफ एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। साथ ही समाज में बढ़ती असुरक्षा और भेदभाव को लेकर चिंता जताते हुए महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए और समाज में सम्मानजनक वातावरण का निर्माण किया जाना जरूरी है।

सभा में उपस्थित महिलाओं ने युद्ध और हिंसा के माहौल के खिलाफ शांति के पक्ष में भी अपनी आवाज बुलंद की। वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक सौहार्द, शांति और समानता के मूल्यों को मजबूत करना समय की जरूरत है, ताकि समाज में सभी वर्गों को समान अवसर और सम्मान मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने कई मांगों को लेकर नारे भी लगाए। इनमें ह्लसभी महिलाओं के लिए सम्मानजनक रोजगार की गारंटी करोह्व, ह्लकर्ज मुक्त बिहार की महिलाएं होंह्व और ह्लयौन उत्पीड़न, सांप्रदायिक हिंसा व पितृसत्ता के खिलाफ महिलाएं एकजुट होंह्व जैसे नारे प्रमुख रहे।

इस अवसर पर ऐपवा की जिला सचिव संध्या पाल ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और सामाजिक न्याय के लिए संगठित होकर संघर्ष करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब तक महिलाओं को समान अवसर, सुरक्षा और सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक समाज का समुचित विकास संभव नहीं है।

कार्यक्रम में गीता देवी, रीना देवी, उर्मिला देवी, पूलगेना देवी, राजकुमारी देवी और शैल देवी समेत कई महिलाओं ने भाग लिया और अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने महिला अधिकारों की रक्षा और सामाजिक समानता के लिए निरंतर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# एनजीओ का भुगतान तीन माह से पेंडिंग शहर की सफाई हो गई है प्रभावित

**केटी न्यूज/डुमरांव**

पिछले दिसंबर महीने से ही सफाई एनजीओ का भुगतान नहीं हुआ है। नप प्रशासन किसी तरह जुगाड़ कर आंशिक भुगतान कर एनजीओ से काम करा रहा है। तीन माह से एनजीओ का भुगतान प्रभावित होने से इसका असर सफाई पर पड़ने लगा है। जहां प्रतिदिन डोर टू डोर और संपर्क सड़कों की सफाई हुआ करती थी, सप्ताह में भी नहीं हो रहा है। उच्च अधिकारियों के नर्देश पर मुख्य सड़कों जमा कूड़े सफाई तो करा दिया जाता है, लेकिन संपर्क सड़क खाली पड़ जाते हैं। ऐसे में मोहल्लों और संपर्क सड़कों की नालियों से गंध निकलना शुरू हो गया है। ऐसे में लोगों को इस बात की चिंता सताने लगी है कि इससे निकल रहीर बदबू से लोगों के बीमार पड़ने का डर सताने लगा है। विदित हो कि विगत दिसंबर 2025 और मार्च 2026 तक नप के सफाई एनजीओ को भुगतान नहीं हुआ है। इस संबंध में सफाई एनजीओ के स्टाफ का कहना है कि किसी तरह लोन और उधार लेकर मजदूरों को आंशिक रूप से भुगतान किया गया है। इस संबंध में स्वच्छता पदाधिकारी राजीव रंजन का कहना है कि सफाई पर प्रतिमाह 90 लाख रुपए का खर्च आता है, होली पर्व को लेकर किसी तहर से भुगतान का जुगाड़ किया गया। सफाई के लिये पैसा आवंटित नहीं होगा तो आगे और परेशानी हो सकती है। इस संबंध में ईओ राहुलधर दूबे और मेरे द्वारा उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी गई है। नगर का विस्तार हो जाने से 35 वार्ड बन गए हैं, ऐसे में हर प्रतिदिन की सफाई के लिये एनजीओ को बहाल किया गया है। बहाल एनजीओ को यदि समय से भुगतान नहीं होगा तो मजदूरों का श्रमिक प्रभावित होगी। मजदूरों को यदि मजदूरी नहीं मिलेगी तो फिर वे कैसे काम करेंगे। ऐसे में नगर की सफाई प्रभावित होना शुरू हो गई है।








# डंडे की चोट से बुझ गई सोनम की जिंदगी, पति के गुस्से ने उजाड़ा परिवार, दो मासूमों के सिर से उठा मां का साया

■ **इटाढ़ी थाना क्षेत्र के मदन डेरा गांव की घटना, घरेलू विवाद ने लिया खौफनाक मोड़, पुलिस ने आरोपी पति को किया**



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के इटाढ़ी थाना क्षेत्र के मदन डेरा गांव में घरेलू विवाद ने ऐसा खौफनाक रूप ले लिया कि एक महिला की जान चली गई और दो छोटे बच्चों की दुनिया उजड़ गई। रविवार को हुए इस दर्दनाक घटना में गुस्से में आए पति ने अपनी पत्नी को डंडे से इतनी बेरहमी से पीटा कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है, वहीं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पहचान सोनम देवी (32 वर्ष) के रूप में हुई है, जबकि आरोपी पति सोनेलाल यादव को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बताया जाता है कि रविवार को किसी घरेलू बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हुआ था। शुरूआत में यह सामान्य झगड़े की तरह था, लेकिन देखते-देखते मामला इतना बढ़ गया कि गुस्से में बेकाबू पति ने डंडा उठाकर पत्नी पर हमला कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोनेलाल ने सोनम पर लगातार कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ी। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की खबर मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। सूचना मिलने के बाद इटाढ़ी थाना की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए मामले की जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरव पांडेय भी घटनास्थल पर पहुंचे। उनके नेतृत्व में एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य एकत्र किए, ताकि मामले की वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा सके। जानकारी के अनुसार मृतका का मायका धनसोई गांव में है। बताया जाता है कि सोनेलाल अपने माता-पिता और भाई से अलग रहकर पत्नी और बच्चों के साथ जीवन यापन करता था। दंपति के दो छोटे बच्चे हैंकृएक पांच वर्ष का बेटा और तीन वर्ष की बेटी। मां की अचानक हुई मौत से दोनों मासूमों के सिर से स्नेह का साया उठ गया है। गांव में यह दृश्य देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। ग्रामीणों का कहना है कि पारिवारिक विवाद अक्सर होते रहते थे, लेकिन किसी को यह अंदाजा नहीं था कि एक दिन यह विवाद इतना भयावह रूप ले लेगा। घटना के बाद गांव में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है। इटाढ़ी थाना के थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि आरोपी पति सोनेलाल यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि अभी तक इस मामले में किसी परिजन की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। वहीं इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि घरेलू विवाद जब हिंसा में बदलता है, तो उसका सबसे बड़ा खामियाजा अक्सर परिवार और मासूम बच्चों को ही भुगतना पड़ता है।

## पिकअप वैन चालक ने खुद ही गायब की दवा की पेटियां, पुलिस की पड़ताल में खुला झूठ

# लूट नहीं, लालच की पटकथा : पुलिस की जांच में फर्जी निकला चलती वैन से दवा की पेटियां लूट की घटना, चालक गिरफ्तार

■ **डमी सीन, तकनीकी साक्ष्य और सख्त पूछताछ से टूटा चालक, गायब हुई एक पेटी दवा बरामद, बाकी दो की तलाश में छापेमारी तेज**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर थाना क्षेत्र में दवा लूट की सनसनीखेज बताई जा रही घटना आखिरकार झूठी निकली। पुलिस की सूक्ष्म जांच, तकनीकी साक्ष्यों और घटनास्थल पर किए गए डमी परीक्षण ने पूरे मामले की परतें खोल दीं। जांच में सामने आया कि कथित लूट की कहानी किसी अपराधी गिरोह की नहीं, बल्कि दवा ढोने वाले पिकअप वैन चालक की ही रची हुई पटकथा थी। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है और उसकी निशानदेही पर एक पेटी दवा भी बरामद कर ली गई है, जबकि बाकी दो पेटियों की तलाश जारी है।

दरअसल मामला 10 फरवरी की रात का है। बक्सर के सियाराम कॉलोनी बस स्टैंड निवासी दवा व्यवसायी आशुतोष कुमार मिश्रा ने नया भोजपुर थाने में आवेदन देकर बताया था कि उन्होंने आरा से 53 कार्टून दवाएं मंगवाई थीं। दवाओं को बक्सर लाने की जिम्मेदारी बक्सर के वार्ड संख्या 29 निवासी ऑटो चालक मनु कुमार गुप्ता को दी गई थी। चालक दवा लेकर लौट रहा था, तभी उसने रात करीब आठ बजे फोन कर बताया कि प्रतापसागर पेट्रोल पंप से लगभग 200 मीटर पश्चिम मिताली पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार अपराधियों ने उसे रोक लिया और 53 पेटियों में से तीन पेटियां लूटकर फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही अगले दिन दवा व्यवसायी थाने पहुंचे और प्राथमिकी दर्ज कराई गई। मामला दवा लूट से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया और तत्काल जांच शुरू कर दी। शुरूआती पूछताछ में ही ऑटो चालक के बयान में कई तरह के विरोधाभास सामने आने लगे। पहले उसने बताया कि बाइक पर दो अपराधी थे, जबकि बाद में उसने तीन लोगों के आने की बात कही। बयान में इस तरह के बदलाव ने पुलिस के संदेह को और गहरा कर दिया। नया भोजपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने खुद मामले की कमान संभाली और अगले ही दिन घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की बारीकी से पड़ताल की। पुलिस ने घटनास्थल पर डमी सीन तैयार किया और चालक को दूसरे वाहन से उसी रास्ते पर ले जाकर घटना को दोहराने को कहा। इस दौरान उससे पूछा गया कि कथित लुटेरे किस दिशा से आए, बाइक कहां खड़ी थी और उसने किस तरह से उन्हें देखा। डमी जांच में चालक के जवाब उसके पहले दिए गए बयान से मेल नहीं खा रहे थे। इससे पुलिस को पूरा मामला संदिग्ध लगने लगा।




इसके बाद पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान का सहारा लिया। चालक के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल, लोकेशन और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच की गई। इन तथ्यों ने भी चालक की कहानी को कमजोर कर दिया। पुलिस ने प्रतापसागर इलाके के कुछ संदिग्ध लोगों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की, लेकिन उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिला।

लगातार पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के दबाव में आखिरकार चालक की कहानी टूट गई। उसने स्वीकार किया कि लूट की पूरी कहानी उसने खुद ही गढ़ी थी। दरअसल वह दवा की तीन पेटियां गायब कर उन्हें खपाने की योजना बना चुका था। शक से बचने और जिम्मेदारी से निकलने के लिए उसने लूट की झूठी कहानी रच दी थी।

पुलिस ने आरोपी चालक मनु कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर एक पेटी दवा बरामद की गई है। बताया जा रहा है कि गायब हुई दवा मैगजोन प्लस 1.5 ग्राम है। बाजार में इन तीन पेटियों की थोक कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई जा रही है, जबकि खुदरा बाजार में इनकी कीमत एक से डेढ़ लाख रुपये तक पहुंच सकती है।

थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है और बाकी दो पेटियों की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि उसने बाकी दवाएं कहां छिपाई हैं और किसे बेचने की योजना थी।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वैज्ञानिक तरीके से की गई जांच, तकनीकी साक्ष्यों और सघन पूछताछ के कारण ही इस मामले की सच्चाई सामने आ सकी। इस खुलासे के साथ पुलिस ने यह स्पष्ट संदेश भी दिया है कि झूठी कहानी गढ़कर कानून को गुमराह करने की कोशिश करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल पुलिस बाकी दवाओं की बरामदगी और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में युवक जख्मी, हालत गंभीर, रेफर

**डुमरांव।** डुमरांव-बिक्रमगंज पथ पर कोरानसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत अमसारी दक्षिणी भवानी मंदिर के समीप हुए एक सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। घटना शनिवार रात की है।

जख्मी युवक की पहचान सिमरी थाना क्षेत्र के केशोपुर गांव निवासी सोनू मिश्रा के रूप में की गई है। इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने उस युवक को तत्काल इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

हालांकि, यह दुर्घटना कैसे हुई, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। घटना स्थल से पुलिस को एक क्षतिग्रस्त ट्रक मिला है। आशंका जताई जा रही है कि इसी ट्रक की चपेट में युवक आया होगा।

थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि जख्मी युवक को प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है।

### नावानगर में जीविका द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विविध कार्यक्रम, उत्कृष्ट दीदियों को किया गया सम्मानित

**नावानगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को जीविका नावानगर द्वारा संचालित तीनों संकुल स्तरीय संघों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान जीविका दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े कई जागरूकता कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने तथा समाज में महिलाओं की भूमिका को और मजबूत बनाने के लिए शपथ भी दिलाई गई। वहीं नारीशक्ति सीएलएफ नावानगर में कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड मेंटर, प्रखंड परियोजना प्रबंधक तथा सीएलएफ की अध्यक्षा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर नारीशक्ति सीएलएफ की उन जीविका दीदियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने कार्यों के माध्यम से समूह और समाज में उत्कृष्ट योगदान दिया है। मुख्य अतिथि द्वारा उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया और उनके कार्यों की सराहना करते हुए अन्य महिलाओं को भी प्रेरणा लेने की बात कही गई। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता तथा समाज में महिलाओं की भागीदारी को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। मंच संचालन क्षेत्रीय समन्वयक धनंजय भारती एवं मोहम्मद याकूब द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर तीनों संकुल स्तरीय संघों के कैडर समेत सैकड़ों की संख्या में जीविका दीदियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में महिलाओं के उत्साह और सहभागिता ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

# भाकपा की विस्तारित अंचल स्तरीय बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन में रविवार को भाकपा की ओर से विस्तारित अंचल स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिरेन्द्र कुमार सिंह ने की। बैठक में संगठन के पिछले कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभिन्न जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्लस 2 उच्च विद्यालय केसठ की प्रभारी प्रधानाध्यापिका भावना कुमारी पर लग रहे कथित मनमानी और अनियमितताओं के आरोपों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही पंचायत केसठ के महादलित टोलों में सार्वजनिक शौचालयों का तत्काल निर्माण कराने की मांग उठाई गई।इसके अलावा केसठ बस स्टैंड से प्रखंड मुख्यालय तक मुख्य सड़क की साफ-सफाई तथा सड़क किनारे बहने वाले नाले की उड़ाही कराने पर भी चर्चा हुई। बैठक में मनरेगा योजना में अधिकारियों द्वारा कथित कमीशनखोरी की व्यवस्था पर रोक लगाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर केसठ पंचायत के उपमुखिया अमितेश कुमार गुप्ता, भाकपा सचिव रमेश बहादुर बारी, सुजीत कुमार, जितेंद्र सिंह, चित्तरंजन सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।



# डिहरा वार्ड 14 जनप्रतिनिधियों के विकास से दूर चार वर्षों में नहीं हुआ कोई ठोस कार्य : वार्ड सदस्य

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड क्षेत्र के डिहरा गांव के वार्ड संख्या 14 में विकास कार्यों की अनदेखी को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। वार्ड सदस्य बीरबल यादव ने आरोप लगाया है कि पिछले चार वर्षों में इस वार्ड में पक्कीकरण, नाली निर्माण सहित अन्य बुनियादी विकास कार्यों की पूरी तरह से उपेक्षा की गई है।वार्ड सदस्य ने बताया कि पंचायत के अन्य वार्डों में जहां विकास योजनाओं के तहत सड़क, नाली और अन्य आधारभूत सुविधाओं का निर्माण कराया गया है, वहीं वार्ड संख्या 14 आज भी इन सुविधाओं से वंचित है।



उन्होंने कहा कि कई बार पंचायत स्तर पर इस संबंध में आवाज उठाई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

उन्होंने कहा कि गांव के इस वार्ड के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। ना तो प्रखंड क्षेत्र पंचायत समिति सदस्य के मद से कोई योजना लाई गई और ना ही मुखिया के मद से किसी प्रकार का विकास कार्य कराया गया। परिणामस्वरूप यहां के लोगों को कच्ची गलियों और जलनिकासी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी बदतर हो जाती है, जिससे लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वार्ड सदस्य ने बताया कि वार्ड के कई स्थानों पर नाली नहीं होने के कारण घरों का गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है, जिससे गंदगी और बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने कई बार इस समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई है। वार्ड सदस्य ने कहा कि अगर जल्द ही इस वार्ड में पक्की सड़क, नाली निर्माण और अन्य आवश्यक विकास कार्य नहीं कराए गए, तो ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों से मांग की है कि वार्ड संख्या 14 की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द विकास कार्य शुरू कराया जाए, ताकि यहां के लोगों को बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। हालांकि इसी वार्ड में बीडीसी और पंचायत मुखिया के द्वारा थोड़ी काम कराया गया है, लेकिन पूरी तरह से नहीं।

# आईईएसएम बक्सर की मासिक बैठक में पहुंचे सदर विधायक आनंद मिश्रा, पूर्व सैनिकों की मांगों का किया समर्थन

■ **200 से अधिक पूर्व सैनिकों की मौजूदगी, 50 डिसमिल जमीन की मांग सदन में उठाने पर विधायक का हुआ सम्मान**

**केटी न्यूज/बक्सर**

आईईएसएम (पूर्व सैनिक संघ) बक्सर की मासिक बैठक का आयोजन सैनिक कार्यालय, मां मुंडेश्वरी अस्पताल परिसर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन डॉ. मेजर पी. के. पाण्डेय और जिलाध्यक्ष सूबेदार हरेंद्र तिवारी ने संयुक्त रूप से की, जबकि मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष सूबेदार विद्यासागर चौबे ने किया। बैठक में बक्सर सदर विधायक एवं पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिले के विभिन्न प्रखंडों से लगभग 200 पूर्व सैनिकों ने बैठक में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत में विधायक आनंद मिश्रा का अंगवस्त्र, मोमेंटो और फूल-माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने भारत माता की जय और विधायक आनंद मिश्रा जिंदाबाद के नारों से पूरे परिसर को गुंजायमान कर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए चेयरमैन डॉ. मेजर पी. के. पाण्डेय ने पूर्व सैनिकों की वर्षों पुरानी 50 डिसमिल जमीन की मांग को विधानसभा में उठाने के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लगभग 20 वर्षों से पूर्व सैनिक इस मांग को लेकर प्रयासरत हैं, लेकिन पहली बार किसी जनप्रतिनिधि ने इसे सदन में मजबूती से उठाया है। जिलाध्यक्ष सूबेदार हरेंद्र तिवारी ने भी विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह मांग ऐतिहासिक है और इससे पूर्व सैनिकों को बड़ा लाभ मिलेगा। वहीं जिला उपाध्यक्ष सूबेदार विद्यासागर चौबे ने बताया कि पूर्व सैनिक लंबे समय से इस मुद्दे को उठा रहे थे, लेकिन विधायक आनंद मिश्रा ने इसे प्रमाण के साथ सदन में उठाकर और वीडियो के माध्यम से सार्वजनिक कर इसे नई दिशा दी है। विधायक आनंद मिश्रा ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि वे इस मांग को सिर्फ सदन तक सीमित नहीं रखेंगे, बल्कि इसे धरातल पर भी पूरा कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि सरकार से जमीन उपलब्ध नहीं हो पाती है तो वे स्वयं जमीन खरीदकर पूर्व सैनिकों को देने का प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने पूर्व सैनिकों से पांच अन्य प्रमुख मांगें भी चुनने का आग्रह किया, जिन पर शीघ्र कार्रवाई की जा सके। बैठक के दौरान ईसीएचएस से जुड़ी समस्याओं को लेकर भी पूर्व सैनिकों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की, जिस पर संगठन के पदाधिकारियों ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में 20 नए पूर्व सैनिकों ने आईईएसएम बक्सर की सदस्यता भी ग्रहण की। मीडिया प्रभारी सूबेदार सुदामा प्रसाद द्वारा सभी पूर्व सैनिकों के लिए नाश्ते की व्यवस्था की गई। अंत में सभापति कैप्टन बी.एन. पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की। इस अवसर पर कैप्टन बी.एन. पाण्डेय, लेफ्टिनेंट आर.बी. ओझा, कैप्टन श्रीनिवास सिंह, सूबेदार मेजर आर.बी. सिंह, कैप्टन संजय पाठक, नायब सूबेदार हरेंद्र मिश्रा, बलिराम मिश्रा, सुरेन्द्र सिंह, सुदामा प्रसाद, गणेश सिंह, सूबेदार रामनाथ सिंह, भारत मिश्रा, काशी उपाध्याय, धनंजय दुबे, श्रीराम सिंह, कैप्टन कन्हैया पंडित, सूबेदार कमलेश सिंह, चंद्रजीत सिंह, हवलदार हरिहर सिंह, नायब सूबेदार त्रिवेणी दुबे सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक मौजूद रहे।



# रामपुर पंचायत में नाली निर्माण योजना की जियो टैगिंग पर सवाल

■ **साइन बोर्ड के बिना डिजिटल प्रक्रिया का आरोप, ग्रामीणों ने की निष्पक्ष जांच की मांग**

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर अंतर्गत ग्राम दसिआंव के वार्ड संख्या 13 में पन्द्रहवां वित्त आयोग मद से कराए गए नाली निर्माण कार्य को लेकर पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे हैं। योजना पंकज दुबे के घर से कन्हैया दुबे के घर तक नाली निर्माण से संबंधित है।प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना संख्या 07/2023-24, योजना कोड 71140833 के तहत 2 लाख 49 हजार 300 की प्राक्कलित राशि से कार्य कराया गया है। योजना के क्रियान्वयन के दौरान पंचायत सचिव सुरेंद्र प्रसाद मल्लाह की जिम्मेदारी बताई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यस्थल पर योजना का अनिवार्य स्थायी साइन बोर्ड नहीं लगाया गया। इसके बजाय कंप्यूटर से एडिट किए गए साइन बोर्ड की तस्वीर के माध्यम से जियो टैगिंग की प्रक्रिया पूरी की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ऐसा हुआ है तो यह सरकारी नियमों का उल्लंघन है।सरकारी दिशा-निदेर्शों के अनुसार किसी भी योजना की शुरूआत से पूर्व कार्यस्थल पर योजना संख्या, प्राक्कलित राशि, मद, संवेदक एवं संबंधित पदाधिकारियों की जानकारी वाला स्थायी साइन बोर्ड लगाना आवश्यक होता है। इसके बाद ही जियो टैगिंग की प्रक्रिया की जाती है, ताकि कार्य में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।




ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बिना भौतिक साइन बोर्ड के केवल डिजिटल माध्यम से प्रक्रिया पूरी करना गंभीर अनियमितता की श्रेणी में आता है। उन्होंने संबंधित विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। अब देखना यह है कि प्रखंड प्रशासन एवं संबंधित विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाते हैं। इस सम्बंध में पंचायत राज पदाधिकारी अभय कुमार ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार दर्शन योजना से छात्राओं को मिला इतिहास और आस्था से जुड़ने का अवसर



**केटी न्यूज/डुमरांव**

बिहार सरकार की मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत कन्या मध्य विद्यालय, डुमरांव की छात्राओं को ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस शैक्षणिक यात्रा में लगभग तीस छात्राओं ने भाग लिया। भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ बिहार की समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत से परिचित कराना था, ताकि वे इतिहास को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकें।

शैक्षणिक यात्रा के दौरान छात्राओं ने सबसे पहले सासाराम स्थित शेरशाह सूरी के भव्य मकबरे का अवलोकन किया। शिक्षकों ने छात्राओं को बताया कि यह मकबरा महान शासक शेरशाह सूरी की स्मृति में बनवाया गया था और अपनी अनूठी वास्तुकला के कारण देशभर में प्रसिद्ध है। मकबरे की भव्य संरचना, जलाशय के बीच स्थित इसकी बनावट और अफगान स्थापत्य शैली के बारे में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी गई।

इसके बाद छात्राओं ने सासाराम स्थित प्रसिद्ध ताराचंडी मंदिर पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन किए। यहां उन्हें मंदिर की धार्मिक मान्यता, ऐतिहासिक महत्व और स्थानीय लोगों की आस्था के बारे में बताया गया। छात्राओं ने मंदिर परिसर और आसपास के सांस्कृतिक वातावरण को भी करीब से देखा। भ्रमण के क्रम में छात्राओं ने कैमूर जिले में स्थित प्राचीन मां मुंडेश्वरी मंदिर का भी दर्शन किया। यह मंदिर देश के सबसे प्राचीन मंदिरों में से एक माना जाता है। शिक्षकों ने छात्राओं को मंदिर की प्राचीनता, इसकी विशिष्ट वास्तुकला और धार्मिक परंपराओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमलेश सिंह के नेतृत्व में शिक्षक अमर नाथ सिंह, सुधा कुमारी, दिव्या, दीपक कुमार सिंह, सुधांशु शेखर पांडेय, उमेश कुमार तथा मेराज अंसारी भी छात्राओं के साथ मौजूद रहे। शिक्षकों ने छात्राओं को विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों के महत्व और उनसे जुड़ी रोचक जानकारियों से अवगत कराया।

छात्राओं ने इस शैक्षणिक यात्रा को ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इससे उन्हें बिहार की ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहरों को नजदीक से समझने का अवसर मिला।

## पुलिस ने पांच आरोपी को भेजा जेल, अग्रिम कार्रवाई जारी

# सूर्यपुरा : रतनपट्टी गांव में रास्ते घेराबंदी विवाद में आठ लोगों पर जानलेवा हमला

- **घटना में महिला समेत 8 लोग घायल, सात की हालत गंभीर**





**केटी न्यूज/रोहतास**

सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के रतनपट्टी गांव में रविवार को भूमि और रास्ते के पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट किया गया। इस घटना में एक पक्ष के चार महिलाओं सहित कुल आठ लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना में सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूर्यपुरा में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सात की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सूर्यपुरा थाना, दावथ थाना और बिक्रमगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शेखर तथा अंचल पुलिस निरीक्षक शेर सिंह यादव ने भी घटनास्थल का जायजा लेकर मामले की जानकारी ली और जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने बताया कि गांव में काफी दिनों से रास्ते को लेकर भूमि विवाद चल रहा है। जिस जमीन को लेकर पहले से न्यायालय में मामला विचाराधीन है, उसी भूमि पर एक पक्ष के रविंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह और कृष्ण सिंह द्वारा घेराबंदी की जा रही थी। इसे रोकने के लिए सुरेंद्र सिंह अपने परिजनों के साथ वहां पहुंचे। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।

मारपीट में सुरेंद्र सिंह, विकास कुमार, रवि कुमार, पार्वती देवी, बबीता देवी, सबिता देवी, प्रिंस कुमार और प्रियंका कुमारी घायल हो गए। सभी को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सात लोगों को गंभीर हालत में अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस संबंध में एसडीपीओ सिंधु शेखर ने बताया कि घटना की सूचना मिला कि रविवार की सुबह करीब 10 बजे सुचना प्राप्त हुई की ग्राम रत्नपट्टी में रास्ते को लेकर विवाद में दो पक्षो में मारपीट की घटना हो रही है। जिसमें दोनो तरफ से हरवे हथियार से लोग लैश है। जिसके बाद सूर्यपुरा पुलिस के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए गोशालडीह पंचायत के रत्नपट्टी गाँव पहुंच एक पक्ष के जख्मी सुरेन्द्र सिंह-पिता स्व.मोहर सिंह,पार्वति देवी-पति सुरेन्द्र सिंह,सविता देवी- पति शियाराम सिंह,बबीता देवी-पति फुलेन्द्र सिंह,रवि कुमार,विकाश कुमार दोनो पिता सुरेन्द्र सिंह, प्रिंस कुमार-पिता राजेन्द्र सिंह सभी ग्राम रत्नपट्टी थाना सूर्यपुरा थाना क्षेत्र

के प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। इसके बाद इसमें संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पांच लोगों में उपेन्द्र कुमार सिंह-पिता स्व. गंगाधारी सिंह, ब्रिदा कुमार-पिता कृष्णा सिंह,

कृष्णा सिंह-पिता स्व.गंगाधारी सिंह,रविन्द्र सिंह-पिता स्व. गंगाधारी सिंह,हिमांशु राज- पिता उपेन्द्र सिंह रत्नपट्टी गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दूसरी तरफ घटना स्थल से इस जानलेवा हमला में इस्तेमाल

दो लाठी, एक लोहे का रामा,दो कुदाल,चार लोहा का कड़ाही को बरामद किया गया है।

जबकि पुलिस ने दोनो पक्षो से प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए फिलहाल दर्जन पुलिस बल की तैनाती के बाद अभी स्थिति सामान्य है।

# मानवता सेवा संघ यूजीसी कानून खत्म करने के विरोध में देंगे धरना



**केटी न्यूज/रोहतास**

मानवता सेवा संघ की बैठक संगठन कार्यालय काराकाट में संपन्न हुई। बैठक आए संघ के सदस्यों ने कहा कि यदि न्यायपालिका रोक नहीं लगाई होती तो यूजीसी का जो आरक्षण आया देश में उससे आज पूरा देश जलता रहता । सच पूछा जाए तो समाज को बांटने और नफरत को फैलाने का नाम ही है आरक्षण,इसे देश के अंदर लोगों को जाति में बांटना प्रमुख कारण कहना अनुचित नहीं होगा ।जिस जाति का नाम लेने से एससी एसटी एक्ट लागू हो जाता है उसका नाम है आरक्षण,जाति का नाम लेने पर केस,लेकिन बड़े खुशी और हर्ष के साथ नफरती आरक्षण के कानून का सहारा लेने के लिए दफ्तरों में जाति प्रमाण पत्र खुशी खुशी बनवाते हैं आरक्षण धारी। लेकिन जाति का नाम लेने पर होते हैं नाराज। पूर्व की सरकार और वर्तमान सरकार अंग्रेजों की तरह बाटो और शासन करो कि यह राजनीति देश को कितना नुकसान पहुंचाएगी और पहुंच रही है। जिसका अंदाजा अभी और आने वाले भविष्य में कितना भुगतना होगा कुछ कहा नहीं जा सकता है । गरीबी की तुलना किसी जाति को देखकर नहीं किया जा सकता है न गरीबी जात पात देखकर आती है। यह सब नफरती कानून किसने बनाया और क्यों बनाया क्या यह देश को कमजोर नहीं कर रहा है क्या संविधान इसकी इजाजत देता है ,क्या समाज को यह कानून बांट नहीं रहा है । संविधान सबको साथ लेकर चलने का संकल्प लेता है समानता का अधिकार देता है तो फिर भेदभाव युक्त कानून कुर्सी को प्राप्त करने के लिए बनाना देशद्रोह नहीं है तो क्या है । इसलिए सरकार को चाहिए कि देश के अंदर जो भी कानून समाज को बांटता हो नफरत फैला कर भाईचारे को कमजोर करता हो उस पर तत्काल रूप से रद्द कर देना चाहिए। ऐसी स्थिति में समाज में वोट के लिए और कानूनी कुर्सी के लिए नफरत का बीज बो कर समाज को टुकड़े-टुकड़े करना उचित नहीं है इससे देश का भविष्य बनने की जगह और बिगड़ेगा। बैठक में उपस्थित लोगों ने निर्णय लिया कि आगामी 17 मार्च को काराकाट गोडारी प्रखंड मुख्यालय पर 11 बजे दिन से 3 बजे दिन तक धरना दिया जाएगा और मांग पत्र समर्पित किया जाएगा ।

# पटना में तेज रफ़्तार का कहर ! बालू लदे ट्रैक्टर से टकराई बाइक, इलाके में मची अफरातफरी



**एजेंसी। पटना**

राजधानी पटना में एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का खतरनाक परिणाम सामने आया है। रविवार सुबह पीरबहोर थाना क्षेत्र के रामना रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बालू से लदे एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे की है। बताया जा रहा है कि रामना रोड पर एक ट्रैक्टर बालू अनलोड करने के लिए पहुंचा था। ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़ा था और चालक बालू खाली करने की तैयारी में लगा हुआ था। इसी दौरान पीछे से प्रशासनिक नंबर प्लेट लगी एक बाइक तेज रफ्तार में वहां पहुंच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार युवक ट्रैक्टर के बेहद करीब पहुंच गया और अचानक नियंत्रण खो बैठा। देखते ही देखते बाइक ट्रैक्टर के डाले के अंदर जा फंसी और युवक भी बाइक समेत उसी में फंस गया। हादसा इतना अचानक हुआ कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते उससे पहले ही युवक गंभीर रूप से घायल हो चुका था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए ट्रैक्टर चालक को रोक लिया और घायल युवक को बाहर निकालने की कोशिश शुरू कर दी। इस दौरान कई लोग मिलकर बाइक और युवक को ट्रैक्टर के डाले से निकालने में जुट गए। साथ ही किसी ने तुरंत डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दे दी।सूचना मिलते ही पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम की दो गाड़ियां कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंच गईं। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद 26 वर्षीय घायल युवक को ट्रैक्टर के डाले से बाहर निकाला गया। घायल युवक की पहचान कुंदन कुमार के रूप में हुई है।इसके बाद पुलिस ने बिना देर किए उसे इलाज के लिए पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों की टीम ने उसका प्राथमिक उपचार शुरू किया। बताया जा रहा है कि हादसे में युवक का पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

# भोजन बैंक की पहल : 48वें सप्ताह में जरूरतमंदों को कराया गया नि:शुल्क भोजन

- **महावीर पूजा पर अगले रविवार को विशाल भंडारे का होगा आयोजन, समाज से सहयोग की अपील**



**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार को भागीरथी सहयोग सेवा संस्थान के तहत संचालित भोजन बैंक, बक्सर द्वारा अपने सेवा अभियान के 48वें सप्ताह में जरूरतमंदों और गरीबों को निःशुल्क प्रसाद रूपी भोजन कराया गया। संस्थान की इस मानवीय पहल के तहत हर सप्ताह की तरह इस रविवार को भी बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों ने भोजन ग्रहण किया।

कार्यक्रम का संचालन राजू कुशवाहा (बीडीसी प्रतिनिधि, कमरपुर) तथा आदित्य विद्यार्थी (महाभारत क्लासेज) ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उपस्थित सामाजिक कार्यकताओं ने संस्थान द्वारा किए जा रहे इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। मौके पर राहुल वर्मा (आरआर एग्रीमेंट), प्रभात शर्मा तथा शिक्षक बालाजी ने कहा कि भागीरथी सहयोग सेवा संस्थान जिस समर्पण और सेवा भावना के साथ जरूरतमंदों के लिए कार्य कर रहा है, वह वास्तव में सराहनीय है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को ऐसे जनसेवा के कार्यों में तन, मन और धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ह्लनर सेवा ही नारायण सेवाह्व की भावना के साथ गरीबों को भोजन कराना एक पुण्य कार्य है।

संस्थान की ओर से रंजीत वर्मा और प्रमोद पांडेय ने जानकारी दी कि महावीर पूजा के अवसर पर अगले रविवार को एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम वार्ड संख्या 20, गजाधरगंज मोड़, स्टेशन रोड, बक्सर में दोपहर 3 बजे से आयोजित होगा। उन्होंने शहरवासियों से कार्यक्रम में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया। संस्थान को आर्थिक सहयोग प्रदान करने वालों में संजय सोनी, राहुल वर्मा (आरआर एग्रीमेंट), शिवानंद उपाध्याय (उपाध्यापुर), अशोक कुमार वर्मा और रामेश्वर प्रसाद सिंह सहित अन्य लोगों का विशेष योगदान रहा। संस्थान की पूरी टीम ने सभी सहयोगकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मनोज वर्मा, मदन मोहन वर्मा, मनोज गुप्ता, शिवम राय समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता, अभिभावक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ता राजेश कुमार यादव और प्रभात शर्मा ने भोजन बैंक के संचालन में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान भुआली वर्मा और हाफिज इमरान शामशी द्वारा भोजन बैंक की टीम के साथ मिलकर गौ-ग्रास के माध्यम से गौ सेवा भी की गई। संस्थान के सचिव राजीव कुमार तथा भोजन बैंक मार्गदर्शन टीम के सदस्य गुप्तेश्वर पटेल ने बताया कि आगामी रविवार 15 मार्च को सुबह 9 बजे बक्सर रेलवे स्टेशन परिसर में फिर से भोजन बैंक के तहत गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन कराया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से इस सेवा अभियान में सहयोग करने और जरूरतमंदों की मदद कर पुण्य के भागी बनने की अपील की।

# गैस कटर से काटा रइकअळट, लाखों कैश उड़ा ले गए चोर, पुलिस ने गठित की एसआईटी

**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**

बिहार में अपराध की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला मुजफ्फरपुर जिले के करजा थाना क्षेत्र का है, जहां बेखौफ अपराधियों ने पुलिस की गश्ती को चुनौती देते हुए भारतीय स्टेट बैंक (रइक) के एटीएम को निशाना बनाया। अपराधियों ने गैस कटर की मदद से एटीएम मशीन को काटकर उसमें रखी नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक यह घटना रविवार देर रात की है। मुजफ्फरपुर-छपरा मुख्य मार्ग पर स्थित मड़वन इलाके में लगे रइक के एटीएम पर अज्ञात अपराधी पूरी तैयारी के साथ पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि अपराधियों के पास गैस कटर समेत अन्य जरूरी उपकरण मौजूद थे। उन्होंने पहले एटीएम के शटर को नुकसान पहुंचाया और फिर मशीन को गैस कटर से काटकर उसमें रखे कैश को निकाल लिया। घटना को जिस तरह से अंजाम दिया गया है, उससे साफ है कि अपराधी काफी शातिर और पेशेवर थे। उन्होंने देर रात का समय चुना, जब सड़क पर आवाजाही कम थी और आसपास के लोग भी सो रहे थे। अपराधियों ने इत्मीनान से एटीएम मशीन को काटा और बड़ी रकम लेकर फरार हो गए। सोमवार सुबह जब स्थानीय लोग वहां पहुंचे तो एटीएम की हालत देखकर दंग रह गए। एटीएम का शटर टूटा हुआ था और मशीन भी बुरी तरह कटी हुई थी। इसके बाद तुरंत इस घटना की सूचना करजा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही मुजफ्फरपुर पुलिस महकमे में भी हलचल मच गई। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (रऌ) कांतेश कुमार मिश्रा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि एटीएम कटिंग की सूचना मिलते ही पुलिस की एक विशेष टीम को घटनास्थल पर भेजा गया है। इसके साथ ही फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स की टीम भी मौके पर पहुंचकर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने कहा कि घटनास्थल से फिंगरप्रिंट्स और अन्य महत्वपूर्ण सबूत इकट्ठा किए जा रहे हैं, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। उन्होंने बताया कि इस मामले के उद्भेदन और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया गया है।

## एक नजर

### चौसा में गंगा तट पर चला स्वच्छता अभियान, युवाओं ने किया श्रमदान

**चौसा।** गंगा नदी की स्वच्छता को लेकर चौसा में युवाओं द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को चौसा बाजार घाट पर गंगा युवा समिति के तत्वावधान में सफाई अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान युवाओं ने घाट परिसर में फैली गंदगी और कचरे को साफ कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में शामिल युवाओं ने श्रमदान करते हुए गंगा तट को साफ-सुथरा बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने घाट पर आने वाले लोगों से भी अपील की कि वे गंगा किनारे कचरा न फैलाएं और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। गंगा युवा समिति के संयोजक भरत पांडेय ने बताया कि गंगा नदी भारतीय संस्कृति, आस्था और जीवन का महत्वपूर्ण आधार है। इसके संरक्षण और स्वच्छता के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गंगा की पवित्रता और स्वच्छता बनाए रखने के लिए युवाओं द्वारा लगातार जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है, ताकि लोगों में पर्यावरण और नदी संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़े। उन्होंने बताया कि यह अभियान पिछले कई वर्षों से नियमित रूप से चलाया जा रहा है और इसमें स्थानीय युवाओं के साथ-साथ सामाजिक कार्यकताओं की भी सक्रिय भागीदारी रहती है। समिति का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़कर गंगा तटों को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। अभियान में विश्व प्रताप बाबू, राधेश्याम चौधरी, मंगलदेव पासवान, नीरज चौरसिया, श्रीराम चौधरी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे और सफाई कार्य में सक्रिय योगदान दिया।

### मुंगेर में बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार दंपति को रौंदा, मौके पर ही पत्नी की मौत, पति की हालत नाजुक

**मुंगेर।** मुंगेर के तारापुर में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपति को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया। वही ट्रक को जब्त कर लिया। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। घटना मुंगेर जिले के सुल्तानगंजझ्रदेवघर मुख्य मार्ग की है। जहां एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की जान चली गयी। तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना तारापुर थाना क्षेत्र के गाजीपुर मैदान के समीप घटी। जिसके बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार जमालपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर निवासी अजय दास अपनी 24 वर्षीय पत्नी जयमाला देवी के साथ बाइक से सुल्तानगंज के मिरठी गांव गए हुए थे। बताया जाता है कि दोनों वहां से किसी काम से टेटिया बंबर जा रहे थे। इसी दौरान गाजीपुर मैदान के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर पीछे बैठी जयमाला देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अजय दास गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनोंको इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल तारापुर पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल अजय दास को डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल, भागलपुर रेफर कर दिया। बताया जाता है कि अजय दास और जयमाला देवी की शादी लगभग एक वर्ष पहले ही हुई थी।

### बिहार में बदलेगा मौसम का मिजाज, पटना सहित 32 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना

**पटना।** बिहार के 32 जिलों में सोमवार को आंधी-बारिश के साथ ठनका गिरने की संभावना है। हालांकि, राज्य के दक्षिण-पश्चिमी भाग के छह जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। अन्य जिलों में एक-दो स्थानों पर ठनका गिरने के साथ ही तेज आंधी-बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पूर्वी बिहार के सात जिलों में आंधी-बारिश की अधिक संभावना है। इसके चलते राज्य के अधिकतम तापमान में गिरावट और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। मंगलवार को दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र के पांच जिलों और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के सात जिलों में आंधी-बारिश के आसार हैं। वहीं, बुधवार को उत्तर बिहार के 14 जिलों में बारिश की संभावना बनी हुई है। राज्य के अधिकांश शहरों में रविवार को अधिकतम तापमान में गिरावट और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। राज्य का अधिकतम तापमान 28.1 से 34.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17.5 से 23.4 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। इस दौरान सबसे अधिक तापमान कैमूर में 34.8 डिग्री और सबसे कम तापमान सहरसा के अगवानपुर में 17.5 डिग्री दर्ज किया गया। पटना में भी सोमवार को एक-दो स्थानों पर ठनका के साथ आंधी और बारिश होने की संभावना है। तीन दिनों तक आंशिक तौर पर बादल छाए रहने का पूवार्नुमान है, जिससे दिन के तापमान में गिरावट और रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी। रविवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 32.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री दर्ज किया गया।

### सिलीगुड़ी से पटना लौटते समय भीषण हादसा, पटना हाई कोर्ट के दो वकीलों की गई जान, बच्चा घायल

**इस्लामपुर।** पश्चिम बंगाल के इस्लामपुर थाना क्षेत्र के गुंजरिया बंगापुल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में पटना हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार ठाकुर के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इस दर्दनाक दुर्घटना में उनके पुत्र ऋतिक ठाकुर और पुत्रवधू वैष्णवी की मौत हो गई। दोनों पेशे से अधिवक्ता थे और पटना हाई कोर्ट में वकालत करते थे। इस हादसे की खबर मिलते ही पूरे विधि जगत में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना उस समय हुई जब ऋतिक ठाकुर अपनी पत्नी वैष्णवी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सिलीगुड़ी से पटना लौट रहे थे। वे सभी फार्च्यूनर कार से यात्रा कर रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी किशनगंज से करीब 30 किलोमीटर पहले पश्चिम बंगाल के गुंजरिया बंगापुल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर पहुंची, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी।

# अपराधियों की अब खैर नहीं! 50 ड्रोन के जरिए क्राइम कंट्रोल करेगी बिहार पुलिस




**एजेंसी। पटना**

बिहार में अब अपराधियों की खैर नहीं है। अपराध और अपराधियों पर नजर रखने के लिए सरकार ने बड़ा प्लान बनाया है। सरकार ने 50 ड्रोन के जरिए क्राइम कंट्रोल करने का बड़ा प्लान तैयार किया है। 50 हाईटेक ड्रोन खरीदने के लिए सरकार की तरफ से 24.50 करोड़ रुपए जारी कर दिए गए हैं। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने इसकी जानकारी दी है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य में पुलिस व्यवस्था को और आधुनिकतकनीक आधारित बनाने के लिए 50 ड्रोन की खरीद को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पर लगभग 24.50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पुलिस आधुनिकीकरण योजना के तहत ड्रोन उपकरणों की खरीद की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिससे पुलिस की कार्य क्षमता और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सकेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस बल को आधुनिक उपकरणों से सशक्त बनाने के लिए ड्रोन तकनीक को शामिल किया जा रहा है। इसके उपयोग से भीड़ नियंत्रण, अपराध निगरानी, नदी क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील इलाकों में अभियान और आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में पुलिस को बड़ी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसे क्षेत्र होते हैं जहां सामान्य तरीकों से निगरानी करना कठिन होता है। ऐसे स्थानों पर ड्रोन के माध्यम से हवाई निगरानी संभव होगी और पुलिस को समय पर सटीक जानकारी मिल सकेगी। इससे कार्रवाई अधिक प्रभावी और त्वरित हो सकेगी। सम्राट चौधरी ने कहा कि इन ड्रोन उपकरणों की सहायता से पुलिस बड़े आयोजनों, संवेदनशील क्षेत्रों और आपात परिस्थितियों में बेहतर निगरानी कर सकेगी। साथ ही अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने और संभावित खतरों की पहचान करने में भी पुलिस को मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि ड्रोन तकनीक से पुलिस को दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में भी प्रभावी ढंग से काम करने की सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से नदी क्षेत्रों और कठिन भौगोलिक इलाकों में हवाई निगरानी से वास्तविक समय में जानकारी प्राप्त हो सकेगी, जिससे समय पर आवश्यक कार्रवाई संभव होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर सीमा सुरक्षा बल और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल जैसे केंद्रीय सशस्त्र बलों के अनुभव और तकनीकी मानकों से भी मार्गदर्शन लिया जा सकता है, ताकि बिहार पुलिस को सर्वोत्तम तकनीक उपलब्ध कराई जा सके।

# टीएमसी सरकार भ्रष्टाचार और अराजकता की प्रतीक परिवर्तन यात्रा से बंगाल में आएगा बदलाव : सम्राट चौधरी

**एजेंसी। पटना**

पश्चिम बंगाल में आयोजित परिवर्तन यात्रा के दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। सिलीगुड़ी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की सरकार भ्रष्टाचार, अराजकता और अन्याय की प्रतीक बन चुकी है। उन्होंने दावा किया कि परिवर्तन यात्रा के जरिए पश्चिम बंगाल में कुशासन का अंत होगा और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन और विकास के नए दौर की शुरूआत होगी। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार, अराजकता और अन्याय की प्रतीक है। परिवर्तन यात्रा बंगाल की जनता की वह सशक्त पुकार है, जो राज्य को कुशासन से मुक्त कराएगी और



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन और विकास के नए युग की स्थापना करेगी। जिस तरह पश्चिम बंगाल में टीएमसी और इससे पहले वामपंथी शासन में गुंडागर्दी,अराजकता का दौर रहा, उसी तरह बिहार में भी लंबे समय तक राष्ट्रीय जनता दल के शासन में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब थी। लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार में सुशासन की व्यवस्था स्थापित हुई और राज्य विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उपमुख्यमंत्री परिवर्तन यात्रा के तहत पश्चिम बंगाल के क्रांतिमाल विधानसभा क्षेत्र (सिलीगुड़ी) में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गोरखा समाज, राजबंशी समाज तथा आदिवासी समुदाय के लोगों को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी समाज भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं लेकिन ममता दीदी इनका हक इनसे छीन कर घुसपैठियों को दे रही हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि भारत कभी सोने की चिड़िया था। मुगलों, अंग्रेजों और बाद में कांग्रेसियों ने इसे लूटने का काम किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि पश्चिम बंगाल में डबल इंजन की सरकार बनाएं। जिससे मेक इन इंडिया का सपना साकार होगा और भारत सोने की चिड़िया नहीं बल्कि सोने का शेर बनकर दुनिया में दहाड़ने का काम करेगा। मोदी सरकार में बंगाल के विकास के लिए तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से सिलीगुड़ी तक नया रेल कॉरिडोर बनाया जा रहा है। सिलीगुड़ी से गोरखपुर तक नया कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। साथ ही एक्सप्रेसवे नेटवर्क का भी तेजी से विस्तार हो रहा है। पश्चिम बंगाल के लोग सभी समाजों को साथ लेकर चलते हैं लेकिन घुसपैठियों को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। घुसपैठिए बंगाली, आदिवासी, गोरखा और राजबंशी समुदाय की हकमारी कर रहे है। डेमोग्राफी बदल रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, जनधन योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ बंगाल की जनता को तभी मिल पाएगा जब राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी। सम्राट चौधरी ने कहा कि 35 वर्षों तक वामपंथी शासन और पिछले 15 वर्षों से टीएमसी सरकार ने बंगाल को विकास की मुख्यधारा से दूर कर दिया है। उद्योग और रोजगार के अवसर घटे हैं और युवाओं को दूसरे राज्यों की ओर पलायन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि इस व्यवस्था को बदलकर राज्य में विकास, सुरक्षा और सुशासन की नई शुरूआत की जाए। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का ने इसी भूमि से एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे का नारा दिया था। यहीं से जनसंघ और भाजपा की नींव पड़ी थी। नरेंद्र मोदी की सरकार ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार किया और 370 रूपी कचरे को हटाने का काम किया। भाजपा की सरकार बनने पर उत्तर बंगाल के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। चाय बगानों में काम करने वाले मजदूरों के हितों की रक्षा की जाएगी और क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश कर उद्योग, पर्यटन और रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि पश्चिम बंगाल में कमल का फूल खिलाकर परिवर्तन लाएं और राज्य को विकास, सुरक्षा और सम्मान के नए रास्ते पर आगे बढ़ाएं।

## एक नजर

### बिहार में शराबबंदी कानून को ठेंगा! शराब की बोतल लेकर नाचते दिखे पूर्व पैक्स अध्यक्ष, वीडियो वायरल

**मोतिहारी।** बिहार में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून के बीच मोतिहारी से एक चौंकाने वाला वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में मधुबन थाना क्षेत्र के तालिमपुर पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष चन्नू साह अपने साथियों के साथ शराब की बोतल हाथ में लेकर हिंदी गानों पर जमकर डांस करते नजर आ रहे हैं। हालांकि फर्स्ट बिहार-झारखंड वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि हमारा नहीं करता है।बताया जा रहा है कि यह वीडियो दो से तीन दिन पुराना है और होली के मौके का है। होली की पार्टी के दौरान जब शराब से जुड़ा गाना बजा तो चन्नू साह बोतल हाथ में लेकर झूमने लगे। इसी दौरान वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने उनका वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुल सात लोग नजर आ रहे हैं। तीन युवक एक-दूसरे को पकड़कर डांस कर रहे हैं, वहीं दो लोग जमीन पर बैठकर झूमते दिख रहे हैं। इसके अलावा एक व्यक्ति कुर्सी पर बैठकर मस्ती करता दिखाई दे रहा है। कई लोगों के हाथ में शराब की बोतलें भी साफ दिखाई दे रही हैं। बता दें कि बिहार में सख्त शराबबंदी कानून के बावजूद इस तरह का वीडियो सामने आने के बाद प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब आम लोगों पर शराब के मामलों में सख्त कार्रवाई होती है, तो सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों के मामले में भी समान रूप से जांच और कार्रवाई होनी चाहिए।

### बिहार में अपराधियों का तांडव जारी: गुटखा दुकानदार की गोली मारकर हत्या

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में बेखौफ अपराधियों ने एक बार फिर पुलिस को चुनौती देते हुए बड़ी घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों ने पान मसाला दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस फिलहाल पूरे मामले की तफ्तीश में जुट गई है। घटना रामपुर हरी थाना क्षेत्र के कोइली गांव और भराव बाजार के बीच हुई। जहां बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग कर सनसनी फैला दी। इस हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया,जिसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कोइली निवासी दिनेश राय के 35 वर्षीय पुत्र रणधीर कुमार के रुप में हुई है। जो पान मसाला का दुकान चलाते थे। रविवार को अपने घर से निजी काम के लिए बाजार जा रहे थे। तभी कोइली और भराव बाजार के पास पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। इससे पहले कि रणधीर कुछ समझ पाते अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अपराधियों ने युवक को निशाना बनाते हुए बैक-टू-बैक तीन गोलियां दागीं। गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा इलाका थर्रा उठा। फायरिंग की आवाज सुनकर जैसे ही स्थानीय लोग घटनास्थल की ओर दौड़े, अपराधी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। खून से लथपथ रणधीर को स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही रामपुर हरी थाना पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुँची और मामले की छानबीन शुरू की। मुजफ्फरपुर एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है।

# पटना में 22 हजार ऑटो को मिलेगा जोनल परमिट, दफकोड से होगी पहचान

**एजेंसी। पटना**

पटना शहर में ऑटो रिक्शा परिचालन को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए एक नई व्यवस्था लागू की जा रही है। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार (आरटीए) ने बड़ा फैसला लेते हुए शहर में ऑटो के जोनल परमिट की संख्या 18 हजार से बढ़ाकर 22 हजार करने का निर्णय लिया है। इस फैसले से हजारों ऑटो चालकों को राहत मिलने की उम्मीद है और शहर के यातायात प्रबंधन में भी सुधार आएगा। आरटीए की नई योजना के तहत कुल 22 हजार परमिट जारी किए जाएंगे। इनमें से 19,800 ऑटो को नियमित जोनल परमिट दिया जाएगा, जबकि 2,200 परमिट रिजर्व श्रेणी में रखे जाएंगे। अधिकारियों का मानना है कि इससे ऑटो संचालन को बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सकेगा और शहर में अनियमित रूप से चल रहे ऑटो की समस्या भी काफी हद तक खत्म होगी। पटना में शहरी क्षेत्र के लिए नए ऑटो परमिट जारी करने पर वर्ष 2014 से रोक लगी हुई थी। इस वजह से कई चालक ग्रामीण परमिट या बिना वैध दस्तावेजों के ही शहर में ऑटो चलाने को मजबूर थे।



अब करीब एक दशक बाद इस पाबंदी को हटाने का फैसला लिया गया है, जिसे ऑटो चालकों के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत परमिट जारी करने की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है ताकि इसमें पारदर्शिता बनी रहे। आवेदन करने वाले हर ऑटो चालक को अपने जोन के तीन प्रमुख रूट चुनने का विकल्प मिलेगा। इसके बाद आरटीए सभी आवेदनों की समीक्षा करेगा और तय करेगा कि किस चालक को कौन सा रूट आवंटित किया जाए। इस प्रक्रिया में उन चालकों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनके पास पहले से पुराना परमिट है। इसके बाद नए आवेदकों को भी चरणबद्ध तरीके से परमिट दिए जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि इससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या पक्षपात की संभावना काफी कम हो जाएगी। इस बार जारी होने वाले परमिट को आधुनिक तकनीक से भी जोड़ा जा रहा है। हर ऑटो पर एक विशेष क्यूआर कोड लगाया जाएगा। इस कोड को मोबाइल से स्कैन करते ही वाहन से जुड़ी पूरी जानकारी सामने आ जाएगी। स्कैन करने पर वाहन मालिक का नाम, इंजन नंबर, चेसिस नंबर और ऑटो को आवंटित रूट की जानकारी मोबाइल स्क्रीन पर दिखाई देगी। इससे ट्रैफिक पुलिस के लिए यह पता लगाना बेहद आसान हो जाएगा कि कोई ऑटो निर्धारित रूट पर चल रहा है या नहीं।

# जेडीयू की सदस्यता लेने के बाद महावीर मंदिर पहुंचे निशांत कुमार, भगवान से मांगा आशीर्वाद

**एजेंसी। पटना**

जेडीयू की सदस्यता हासिल करने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर पूजा करने के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान से आशीर्वाद मांगा। इस दौरान उन्होंने मीडिया से भी बातचीत की। कहा कि आज जेडीयू पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया हूँ। हम सब जेडीयू एक परिवार की तरह रहे। आम जनता का विश्वास हासिल करे। निशांत ने कहा कि पिताजी ने अब तक जो काम किया,उसे जारी रखेंगे। जनता का प्रेम और आशीर्वाद इसी तरह बना रहे। हम जनता का आगे भी सेवा करते रहेंगे। पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है उसे निभाने की कोशिश करूंगा। बिहार में सियासी उलटफेर के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की जेडीयू में एंट्री हो गई। निशांत कुमार की पॉलिटिकल एंट्री के बाद उन्हें पार्टी और सरकार में बड़ी जिम्मेवारी देने की संभावना जताई जा रही है। जेडीयू की सदस्यता ग्रहण करने के बाद निशांत कुमार अपने पिता नीतीश कुमार के अंदाज में हाईकोर्ट मजार में चादर चढ़ाने पहुंचे। इस दौरान उनकी शालीनता देखते ही बन रही थी। मस्जिद में खड़ी महिला को देख निशांत ने उनके पैर छूए और आशीर्वाद लिया। उनकी इस सादगी को देख वहां मौजूद लोग भी देखते रह गये। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए निशांत ने कहा कि अल्लाह का आशीर्वाद लेने आया हूं। मेरे पिताजी भी सब धर्म को साथ लेकर चलते थे। मेरी भी कोशिश रहेगी की सब धर्म को साथ लेकर चलू। निशांत ने कहा कि अब पार्टी के जिलाध्यक्षों से मिलूंगा। बिहार के हर जिले का दौरा करुंगा। संगठन को मजबूत बनाने के लिए आगे की रणनीति तय करेंगे। वही मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि हमलोग दो साल से यह डिमांड कर रहे थे कि निशांत युवा नेता हैं उनको राजनीति में आना चाहिए। निशांत कुमार को जेडीयू में लाने के लिए काफी दिनों से मांग हम लोग कर रहे थे। आखिरकार आज उन्होंने पार्टी को ज्वाइन किया है। हम लोग उन्हें शुभकामना देते है। आप आगे बढ़े हर किसी का सहयोग और समर्थन आपको मिलेगा। हमारे नेता नीतीश कुमार के अधूरे काम को पूरा करने का काम निशांत कुमार करेंगे। उन्होंने कहा कि राजनीति संभावना का खेल है। अभी तो शुरूआत हुई है। अभी शुरूआत में ही यह हाल है तो आगे क्या होगा देखिएगा। निशांत के जेडीयू में आने से उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है।

# मुजफ्फरपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**एजेंसी। मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर जिले की पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ चल रहे 'ऑपरेशन साइबर प्रहार' के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा के कुशल निर्देशन में पुलिस ने अंतर्राज्यीय स्तर पर सक्रिय एक शातिर साइबर ठग गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो मुख्य अभियुक्तों को मुजफ्फरपुर में गिरफ्तार किया है। ये अपराधी इन्वेस्टमेंट और ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड के माध्यम से देशभर के मासूम लोगों को अपनी ठगी का शिकार बना रहे थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रामपुरहरि थाना क्षेत्र के सलेमापुर और गोरिगामा टोला में कुछ अपराधी डिजिटल फ्रॉड की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाने के डीएसपी हिमांशु कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चिन्हित ठिकानों पर छापेमारी की और अर्जुन कुमार तथा रणधीर कुमार नामक दो युवकों को रंगे हाथों दबोच लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने स्वीकार किया कि वे लंबे समय से इस अवैध धंधे में



शामिल थे। गिरफ्तारी के बाद हुई शुरूआती जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, वे बेहद चौंकाने वाले हैं। पुलिस द्वारा जब्त किए गए मोबाइल नंबरों और बैंक खातों की जब नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर जांच की गई, तो पता चला कि इनके खिलाफ देश के 30 से अधिक राज्यों में शिकायतें दर्ज हैं। यह गिरोह मुख्य रूप से ऊंचे रिटर्न का लालच देकर निवेश कराने और फर्जी गेमिंग ऐप्स के जरिए लोगों के बैंक खातों में सेंध लगाता था। इनका नेटवर्क इतना विस्तृत था कि ये बिहार में बैठकर सुदूर दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों को भी अपना निशाना बना रहे थे। पुलिस ने छापेमारी के दौरान इन अपराधियों के पास से तकनीकी उपकरणों और बैंकिंग दस्तावेजों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर साइबर डीएसपी ने प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस अब इन अपराधियों के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने में जुटी है। गिरफ्तार अभियुक्तों के बैंक ट्रांजेक्शन की बारीकी से जांच की जा रही है ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों और इनके आकाओं तक पहुँचा जा सके। उन्होंने आम नागरिकों को चेतावनी देते हुए कहा कि"डिजिटल युग में सावधानी ही सुरक्षा है। किसी भी अनजान इन्वेस्टमेंट स्कीम, घर बैठे पैसे कमाने वाले विज्ञापनों या संदिग्ध गेमिंग ऐप्स के झांसे में न आएं। अपनी ओटीपी (ओटीपी), पिन या बैंकिंग विवरण किसी के भी साथ साझा न करें। यदि आप ठगी का शिकार होते हैं, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें।

# पटना में जल्द शुरू होगी वाटर मेट्रो, पहले फेज में गांधी घाट और इस जगह होगा पड़ाव

**एजेंसी। पटना**

पटना को जल्द ही एक नई और आधुनिक परिवहन व्यवस्था की सौगात मिलने वाली है। गंगा नदी पर प्रस्तावित वाटर मेट्रो परियोजना को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसके तहत नदी किनारे कई घाटों पर चार्जिंग प्वाइंट बनाने का काम शुरू कर दिया गया है, ताकि वाटर मेट्रो के इंजन को परिचालन के दौरान आसानी से चार्ज किया जा सके।पर्यटन विभाग के अनुसार, फिलहाल गांधी घाट पर चार्जिंग प्वाइंट के निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है। इसके अलावा कंगन घाट और दीघा घाट पर भी चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इन चार्जिंग प्वाइंट की मदद से वाटर मेट्रो की बोट को चार्ज किया जाएगा, जिससे पर्यावरण के



अनुकूल और सुगम परिवहन सेवा उपलब्ध हो सकेगी। परियोजना के पहले चरण में वाटर मेट्रो का सफर करीब 10.5 किलोमीटर लंबा होगा। इस चरण में गांधी घाट और गायघाट को मुख्य पड़ाव के रूप में विकसित किया जा रहा है। यात्रियों और पर्यटकों को गंगा नदी के किनारे बसे प्रमुख घाटों के बीच तेज, सुरक्षित और आरामदायक जल परिवहन की सुविधा मिलेगी।दूसरे चरण में इस परियोजना का विस्तार करते हुए हाजीपुर और सोनपुर तक वाटर मेट्रो चलाने की योजना है। इससे पटना के साथ-साथ वैशाली और सारण जिले के लोगों को भी लाभ मिलेगा और नदी के जरिए आवागमन का नया विकल्प तैयार होगा। पर्यटकों और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना में दो पर्यावरण अनुकूल वाटर मेट्रो बोट चलाई जाएंगी। ये बोट हाइब्रिड मोड पर काम करेंगी, यानी इनमें आधुनिक बैट्री तकनीक के साथ-साथ बैकअप के लिए जेनरेटर की भी व्यवस्था होगी। इससे बिजली खत्म होने की स्थिति में भी बोट सुरक्षित तरीके से चल सकेगी। सुरक्षा और आपातकालीन स्थिति को ध्यान में रखते हुए तीन से चार रेस्क्यू बोट भी तैनात की जाएंगी। इसके अलावा हर बोट में अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। यात्रियों की निगरानी और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और ऑटोमेटिक बोट लोकेशन सिस्टम भी रहेगा, जिससे कंट्रोल रूम से बोट की स्थिति पर नजर रखी जा सकेगी। गर्मी के मौसम में यात्रियों को आरामदायक सफर मिले, इसके लिए सभी बोट को पूरी तरह एसी युक्त बनाया जा रहा है। साथ ही इनका डिजाइन इस तरह तैयार किया जा रहा है कि तेज गति में चलने के बावजूद नदी में कम लहरें पैदा हों, जिससे यात्रा ज्यादा सुरक्षित और स्थिर बनी रहे। पटना वाटर मेट्रो में जिस मुख्य बोट का इस्तेमाल किया जाएगा उसका नाम एमवी-गोमधर कुंवरह्न रखा गया है। इस आधुनिक बोट की कीमत 12 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है। पूरी पटना वाटर मेट्रो परियोजना की कुल लागत करीब 908 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह परियोजना भारत सरकार की इनलैंड वाटरवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया और बिहार सरकार का संयुक्त प्रयास है। इसके निर्माण और तकनीकी विकास में कोच्चि स्थित जहाज निर्माण केंद्र के इंजीनियरों से भी तकनीकी सहायता ली जा रही है, ताकि बोट और घाटों का निर्माण अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार किया जा सके। पटना वाटर मेट्रो का पहला रूट दीघा घाट से कंगन घाट के बीच विकसित किया जा रहा है, जो लगभग 10.5 किलोमीटर लंबा होगा। यह रूट कंगन घाट से शुरू होकर गायघाट, गांधी घाट, दीघा घाट, फरक्का महतो घाट, नारियल घाट, पानापुर, कोंहरा घाट, काली घाट (सोनपुर) और छेछर घाट तक जाएगा।

# होली मनाने ससुराल गए युवक का पेड़ से लटका मिला शव, हत्या की आशंका

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के तुर्की थाना क्षेत्र के छाजन गांव में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव गांव के पास स्थित बगीचे में पेड़ से लटका हुआ पाया गया। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और तनाव का माहौल बन गया है। मृतक की पहचान मोती सहनी के रूप में हुई है, जो कोलकाता में काम करते थे और हाल ही में होली के अवसर पर अपने ससुराल आए थे। स्थानीय सूत्रों और गांव के मुखिया शिव मंगल सहनी के अनुसार, सुबह टहलने निकले कुछ ग्रामीणों की नजर बगीचे में पेड़ से लटके युवक के शव पर पड़ी। इसके बाद गांव में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। मामले की सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन को दी गई, जिसके बाद तुर्की थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक के भाई राजदेव सहनी ने घटना को लेकर गंभीर संदेह जताया है। उन्होंने पुलिस को दिए बयान में कहा कि मोती सहनी और उनकी पत्नी के बीच संबंध ठीक नहीं थे। परिजनों का कहना है कि घटनास्थल की परिस्थितियां आत्महत्या की ओर इशारा नहीं करतीं, बल्कि यह किसी गहरी साजिश का परिणाम भी हो सकता है। उन्होंने पेड़ की ऊंचाई और स्थान को लेकर भी सवाल उठाए हैं, जिससे मामले ने और गंभीर रूप ले लिया है।